-प्रेस नोट-

जनपद-मीरजापुर

दिनांक-21.07.2021

थाना मड़िहान पुलिस द्वारा दहेज हत्या का आरोपी ससुर गिरफ्तार-

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा दहेज हत्या का आरोपी ससुर को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 11.07.2021 को शिवशंकर पटेल निवासी खण्डवर थाना लालगंज मीरजापुर द्वारा थाना मड़िहान पर तहरीर दी गई कि वादी की पुत्री को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा हत्या कर देने के सम्बन्ध में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसमें दिनांक 12.07.2021 को आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । उक्त अभियोग की विवेचना एवं अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में कार्यवाही करते हुए, दिनांक 21.07.2021 को उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी धौरहा मय हमराह हे0का0 सत्येन्द्र सिंह, रामप्यारे सिंह द्वारा वांछित अभियुक्त रामलाल पुत्र स्व0 रामनाथ(ससुर) निवासी ददरा मुतलके रामपुर थाना मड़िहान मीरजापुर को उसके घर से समय 11.10 बजे गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।